# इलाहाबाद संग्रहालय समिति की 'कार्यकारिणी समिति' की 29 मार्च 2016 को पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन, लखनऊ में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राम नाईक<br>माननीय राज्यपाल, उ.प्र.,<br>राजभवन, लखनऊ | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. बी.वी. खरबड़े<br>महानिदेशक, एन.आर.एल.सी., लखनऊ<br>प्रतिनिधि, संयुक्त सचिव,<br>भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली | – | सदस्य |
| 3. | प्रो. डी.एन. त्रिपाठी,<br>'लीला निलयम', 99–ए, इन्दिरा नगर,<br>पो.– शिवपुरी, गोरखपुर | – | सदस्य |
| 4. | डॉ. अजय कुमार पाण्डेय,<br>निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, बनारसी बाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | – | सदस्य |
| 5. | श्री गौरव कृष्ण बंसल<br>निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय,<br>इलाहाबाद। | – | सदस्य–सचिव |

वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली एवं प्रो. विदुला जायसवाल, गणपति अपार्टमेन्ट, 809, नगवा, वाराणसी उपर्युक्त बैठक में अनुपस्थित थे।

संग्रहालय के निदेशक श्री गौरव कृष्ण बंसल ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्री राम नाईक जी का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय कराया। तत्पश्चात् प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारम्भ हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

**प्रस्ताव सं.1.** दिनांक 30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।

30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव सं.2.** दिनांक 30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा।

दिनांक 30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई, तदुपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिए गयेः–

**प्रस्ताव सं.–11 (12 मई 2012 को सम्पन्न बैठक)– इलाहाबाद संग्रहालय पर एक वृत्तचित्र (डाक्यूमेन्टरी) बनाने की सूचना ग्रहण करना।**

उक्त प्रकरण में यह अपेक्षा की गई कि 'कार्यकारिणी समिति' की आगामी बैठक इलाहाबाद संग्रहालय में कराई जाय और संग्रहालय द्वारा संशोधित वृत्तचित्र पुनः माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जाय।

**प्रस्ताव सं.–7 (30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न बैठक)– इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा आयोजित बैठकों, व्याख्यानों एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु आमंत्रित माननीय सदस्यों के मानदेय को पुनरीक्षित किए जाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन।**



Scanned by CamScanner

उक्त प्रकरण में कार्यकारिणी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा आयोजित बैठकों, व्याख्यानों एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु आमंत्रित माननीय सदस्यों के मानदेय को पुनरीक्षित किए जाने हेतु प्रस्ताव 'वित्त समिति' के समक्ष प्रस्तुत कर एक माह के अंदर कार्यकारिणी की अगली बैठक (सम्भवतः मई 2016) में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाय।

उपरोक्त समीक्षा के उपरान्त 30 सितम्बर 2015 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.3. दिनांक 10 मार्च 2016 को आहूत 'वित्त–समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।

10 मार्च 2016 को आहूत 'वित्त–समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.4. वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान), योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) एवं वार्षिक कार्य योजना–2016–17 पर विचार एवं अनुमोदन।

वर्ष 2016–17 के योजनागत (प्लान), योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) तथा संग्रहालय की 'वित्त समिति' की बैठक दिनांक 10 मार्च 2016 द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना–2016–17 को 'कार्यकारिणी समिति' के विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

प्रस्ताव सं.5. इलाहाबाद संग्रहालय के वर्ष 2014–15 के वार्षिक लेखे एवं लेखों पर पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के संदर्भ में 'कार्यकारिणी' के माननीय सदस्यों को परिपत्र के माध्यम से अनुमोदन की सूचना।

इलाहाबाद संग्रहालय के वर्ष 2014–15 के वार्षिक लेखे एवं लेखों पर पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के संदर्भ में 'कार्यकारिणी' के माननीय सदस्यों को परिपत्र के माध्यम से अनुमोदन की सूचना ग्रहण की गई और उसकी पुष्टि की गई।

प्रस्ताव सं.6. संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित (चिकित्सा अवकाश पर) के 'लीवर ट्रान्सप्लान्ट' हेतु रू. 39.50 लाख के आकलन की सूचना।

उक्त संदर्भ में श्री राजेश पुरोहित, निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा प्रस्तुत आवेदन–पत्र में चिकित्सक के सलाह पर यह निवेदन किया है कि वर्तमान समय में उन्हें 'लीवर ट्रान्सप्लान्टेशन' की आवश्यकता नहीं है। 'कार्यकारिणी समिति' ने श्री राजेश पुरोहित की चिकित्सकीय परामर्श एवं लीवर की समस्या का संज्ञान लेते हुए रू. 39.50 लाख की धनराशि का सैद्धान्तिक अनुमोदन करते हुए यह सुझाव दिया है कि सम्बद्ध चिकित्सक के अग्रिम परामर्श एवं श्री पुरोहित के अग्रिम निवेदन पर इस धनराशि का उपयोग आवश्यकता के आलोक में ही किया जाय (तथा व्यय की पूर्वानुमति अध्यक्ष से प्राप्त की जाए)

प्रस्ताव सं.7. संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित (चिकित्सा अवकाश पर) के 'लीवर ट्रान्सप्लान्ट' हेतु रू. 39.50 लाख के एस्टीमेट के आलोक में योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) के चिकित्सा–मद में रू. 45 लाख एवं जनरल शीर्ष में रू. 174.30 लाख स्वीकृति हेतु प्रस्ताव।

संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित (चिकित्सा अवकाश पर) के 'लीवर ट्रान्सप्लान्ट' हेतु रू. 39.50 लाख के एस्टीमेट के आलोक में



Scanned by CamScanner

योजनेतर (नान–प्लान) बजट अनुमान (B.E.) के चिकित्सा–मद में रू. 45 लाख एवं जनरल शीर्ष में रू. 174.30 लाख कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया एवं उक्त धनराशि की स्वीकृति हेतु संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया जाय।

प्रस्ताव सं.8. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।

1: इलाहाबाद संग्रहालय के कार्यवाहक निदेशक को संवैधानिक अधिकार (Statutory Power) दिए जाने हेतु प्रस्ताव।

कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से इलाहाबाद संग्रहालय के कार्यवाहक निदेशक श्री गौरव कृष्ण बंसल, निदेशक, उ.म.क्षे.सां.के., इलाहाबाद को संग्रहालय के 'दैनन्दिन कार्य' सम्पादन के साथ–साथ संवैधानिक अधिकार (Statutory Power) प्रदान किया गया।

2. इलाहाबाद संग्रहालय के मुख्य–द्वार के बन्द होने के कारण संग्रहालय दर्शन में उत्पन्न हुई समस्या के समाधान हेतु प्रस्ताव।

'कार्यकारिणी समिति' ने यह अपेक्षा की है कि उक्त प्रकरण में माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं माननीय मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च–न्यायालय के मध्य तत्काल अध्यक्ष महोदय के साथ एक औपचारिक बैठक आयोजित की जाय, ताकि समस्या का तात्कालिक समाधान निकल सके एवं इस प्रकरण पर प्रगति की सूचना से 'कार्यकारिणी समिति' को अगली बैठक में अवगत कराया जाय तथा इसी तरह के प्रकरण पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में योजित सिविल अपील सं. 7785 वर्ष 2011 (विशेष अनुमति याचिका (सी) सं. 9154 वर्ष 2008) पश्चिम बंगाल राज्य बनाम हावड़ा गणतान्त्रिक नागरिक समिति एवं अन्य, 12 सितम्बर 2011 के निर्णण का संदर्भ भी ग्रहण किया जाना समीचीन है।

3. डा. दिनेश कुमार केसरवानी, टेक्निकल असिस्टेन्ट, इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा कार्य के प्रति शिथिलता दिए गए कर्तव्य एवं निर्वहन की जिम्मेदारी के प्रति की जा रही उपेक्षा तथा कर्मचारियों के प्रति उनके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के संदर्भ में प्रस्ताव।

उपरोक्त प्रकरण में एक विस्तृत नोट बनाकर पत्रावली माननीय अध्यक्ष महोदय को विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रेषित की जाय।

4. 'निदेशक के वैयक्तिक सहायक' के रिक्त पद पर कार्य कर रहे श्री सुनील कुमार पाण्डेय के नियमितीकरण सम्बंधी लाभ एवं उनकी योग्यता को शिथिल करने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया जाना।

उक्त प्रकरण पर 'कार्यकारिणी समिति' द्वारा सर्वसम्मति से माननीय अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति को निर्णय हेतु अधिकृत किया गया तथा माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण प्रकरण सहानुभूतिपूर्वक विचार के लिए पत्रावली तत्काल प्रेषित करें।

5. कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 'कार्यकारिणी समिति' की अगली बैठक माह मई 2016 में इलाहाबाद संग्रहालय में आयोजित की जाय।

( गौरव कृष्ण बंसल )
निदेशक
सदस्य–सचिव

26.5.16
( राम नाईक )
श्री राज्यपाल, उ.प्र.
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner